# भाजपा क्यों छुपा रही भारती का चेहरा..!

## बालाघाट सिवनी लोकसभा सीट पर भयभीत भाजपा के पोस्टर बहुत कुछ कहते है..!








बालाघाट( स्वतंत्र मत )।

भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में मोदी गारंटी के साथ साथ क्षेत्र में विकास की गारंटी पर मैदान में उतरकर सभा संबोधित कर रहे हैं। भाजपा का नारा अब की बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार और मोदी गारंटी जों लोकसभा में गांव-गांव व गली-गली गुंज रहीं हैं। लेकिन उससे परे बालाघाट सिवनी लोकसभा प्रत्याशी की झलक दिखाई दे रहीं हैं। इधर, बालाघाट-सिवनी भाजपा लोकसभा अधिकृत प्रत्याशी भारती पारधी का पोस्टरों से तस्वीर गायब हो गई तो कहीं पोस्टरों पर छपे चहरे पर कमल का झंडा चस्पा कर दिया गया है। अब ऐसे में भाजपा प्रत्याशी को पोस्टरों से हटाना वोटरों को समझ से परे लग रहा हैं, और इसी गायब तस्वीरों वाले पोस्टर खूब सोसल मीडिया पर भी वायरल हो रहें हैं.. जों भाजपा पर कई सवाल खड़े करते हैं।

बालाघाट लोकसभा सीट पर भाजपा ने महिला प्रत्याशी को टिकट देकर राजनीति पन्नों पर एक इतिहास रचा हैं. वहीं प्रत्याशी का लोकसभा चुनाव में नाम ना लेना, चेहरा हटा देना और चेहरे पर कमल का झंडा चस्पा कर देना जनता के समझ से परे हैं. महज दो सप्ताह के भीतर चार बार चुनावी सभा को संबोधित करने सीएम मोहन यादव बालाघाट आना यह भी अचंभित कर रहा हैं. जों अब पांचवी बार रामपायली में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगी. बालाघाट लोकसभा सीट पर करीब 5 लाख से अधिक यानी 25 प्रतिशत पवार समाज बहुल्य वोटर हैं, प्रदेश भाजपा ने पवार वोटरों को साधने पवार समाज से महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है जब से भारती पारधी के चुनाव प्रचार को मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने संभाला है तब से मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को लेकर पवार समाज आक्रोशित दिखाई पड़ रहा हैं। इसी के बीच जिला भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले गौरी शंकर (भाऊ) बिसेन भी चुनाव से दुरिया बनाए दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि पिछले 2019 के चुनाव में ढालसिह बिसेन को विजय श्री दिलाने का श्रेय भी भाऊ को जाता हैं. पर इस चुनाव की जिम्मेदारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने सिर लेकर रखा है, यहीं कारण हैं कि लोकसभा में नेतागण दूरियां बनाएं दिखाई पड़ रहें हैं. भाजपा कार्यालय से चर्चा ये भी निकल कर आई हैं कि प्रधानमंत्री के कार्यकर्म के पहले भाजपा के जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे और पूर्व विधायक रमेश भटेरे को मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भारती पारधी के लिए काम नहीं करने को लेकर जमकर फटकार भी लगाई थी, जिसके बाद नाराज होकर जिला अध्यक्ष कार्यालय से चले गए थे यहीं नहीं जब मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जिला पंचायत उपाधयक्ष राजा लिल्हारे को भाजपा में शामिल कर लिया तो और भी नाराजगी जाहिर हो गई. जो अब भाजपाइयों के बिच चर्चा का विषय बना हुआ हैं। राजनिति गलियारों में चर्चा हैं कि भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी अधिकृत होते ही प्रदेश भाजपा को मिल रहें लगातार इनपुट ने बैचेन कर दिया हैं, जिससे जिले के भाजपाईयो ने स्थिति को भाप गए हैं. इधर, भाजपा में गुटबाजी चरम पर दिखाई दे रहीं हैं. उसी के बीच बार-बार स्टार प्रचारकों के आने और किसानों से किए वादे धान 3100 रुपए व गेहूं 2700 रूपए के बारे में पुन: किसानों को आगामी सरकार बनते ही जून 2024 में देना का वादा कर रहे हैं जो अब किसान हजम नही कर पा रहे हैं. यह भी भाजपा में एक कारण दिखाई दे रहा है. वहीं किसानों के बीच चर्चा तो यह भी हो रहीं है कि 9 अप्रैल भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुत उम्मीद थी और उन्होंने बालाघाट में सभा को संबोधित किया तो ना तो किसान, ना बेरोजगार, ना उद्योग जगत पर बोल पाए, जबकि बालाघाट में किसान हित के उद्योग अनेकों श्रोत हैं, वहीं 9 अप्रैल के पहले लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को जनता के बीच से मिल रहें इनपुट से खुशी की लहर थीं, जब से मोदी जी बालाघाट की धरा पर पहुंचे और चले गए तब से जिला भाजपा में बैचेनी बड़ा दी है. अब 400 पार का सपना को पूरा करने के लिए भाजपाई नेताजी मैदान में कम घर के अंदर अधिक समझ में आ रहे हैं. क्योंकि अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी ने नेताजी की आवाज कम कर दी है. यहीं वजह है कि चिलचिलाती धूप में जनता भाषण को कम कूलर की फरफर को ज्यादा सुन रहें हैं. लेकिन नेताजी कहां रुकने वाले हैं, वह तो बैचेन 400 पार करने में लगे हैं. यह तो तय भाजपा की किस्मत 19 को वोटर ईवीएम में कैद करेगें.

### भाजपा प्रत्याशी भारती हैं 12वीं पास

बीएसपी प्रत्याशी कंकर मुंजारे ने भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के नामांकन दाखिल कर दिए शिक्षा संबंधी जानकारी पर सवाल खड़े किए हैं, उन्होंने कहा कि वह बीएससी होम साइंस से फर्स्ट ईयर किया हुआ है जो कि बीएसपी पास भी नहीं है और जनता के बीच जाकर अपने आप को डॉक्टर बताते फिरती है. यहीं नहीं वह अपने नाम के आगे डॉक्टर शब्द का जिक्र करते हैं जबकि वह 12 वी पास है. ऐसे में भाजपा प्रत्याशी जनता को गुमराह कर रहे हैं, जो एक राजनेता को छूट बोलना जनता चुनाव परीणाम में दिखायेंगी. उन्होंने आगे कहा कि इसकी जांच की जायेगी।



## ग्रामीणों ने लगाया पुलिया निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

सिवनी/कुरई( पाटन )

आदिवासी बहुमूल्य बिकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाटन के देवस्थान गोसाई बाबा में आने जाने के लिए लगभग 16 लाख रुपये की लागत से पुलिया का निर्माण कार्य जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित दक्षिण सिवानी सामान्य वन मंडल वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसे पूर्व में सांसद विधायकों के द्वारा भूमि पूजन भी किया गया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिया निर्माण कार्य में ठेकेदार ओर संबंधित विभाग के द्वारा निर्माण कार्य में कंक्रीट की जगह पर नदी की रेत डाली जा रही है। जिससे ग्रामीणों ने निर्माण को रुकवा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य स्टीमेट के आधार पर गुणवत्ता से होना चाहिए। देवस्थान गोसाईं बाबा पर प्रति दिन धार्मिक स्थल पर भक्त-श्रद्धालुओ का आना जाना लगा रहता है। जिसके कारण हम ग्रामीणजन चाहते हैं कि कार्य गु?बत्ता से अच्छा हो जिसमें हमारा भी सहयोग रहेगा। ग्रामीणों ने आगे बताया कि इसके चार वर्ष पूर्व भी देव स्थल पर एक पुलिया का निर्माण किया गया था, जो नदी के बहाव में बह गया।उक्त संबंध में ग्रामीणों ने परिक्षेत्र अधिकारी से चर्चा की गई तो परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा शासकीय निर्माण कार्य में बाधा पहुंचने एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी।दर्जनों ग्रामीणो द्वारा मौका स्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया। जिला कलेक्टर एवं बरघाट बिधायक को लिखित आवेदन देने की बात कही एवं ग्रामीणों ने गुणवत्ता युक्त पुलिया का निर्माण करने की मांग की इस दौरान ग्राम के वंशीलाल साइलवार, सतिराम सरयाम, मंसलाल कोरचे वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष,सहपाल देश भरतार, मेजनलाल अडंबे, मुरली मनोहर अडंबे ,मोहनलाल साहिलवार के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।इनका कहना है कि ङ्क संज्ञान में है पुलिया निर्माण कार्य स्टीमेट के आधार पर हो रहा है ग्रामीणों को समझता नही है,पुलिया निर्माण कार्य अच्छा किया जाएगा-राहुल धारू वन परिक्षेत्र अधिकारी कुरई।



## जैतपुरकला के सायलोबेग से शुरू हुई खरीदी सुनवारा वेयर हाउस में लापरवाही

सिवनी

जनपद पंचायत धनोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनवारा में एक वेयर हाउस में खरीदी कार्य अधिकारियों से साठगांठ कर व्यापक स्तर की लापरवाही बरते हुए कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत में सामने आ रही हैं।

नए वेयर हाउस में फर्श भी बारिश के चलते काफी गील है और यहां ट्रैक्टर से सीधे खरीद कर वेयरहाउस में रखा जा रहा है। साथ ही सैंपल के नाम पर 7 किलो अनाज निकाला जा रहा है। जिसके चलते एक क्विंटल में 1400 ग्राम ज्यादा अनाज लिया जा रहा है। यहां जिस स्व. सहायता समूह से खरीदी किया रहा है वह पूर्व में डिफॉल्टर भी घोषित हो चुका है। गीले फर्श के कारण अनाज खराब होने का भी संदेश बना हुआ है। इस मामले में सुनवारा व आसपास के गांव के कुछ किसानों ने सूक्ष्म जांच कर कार्यवाही की मांग की है।जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत जैतपुरकलां सायलो बैग में रविवार को खरीदी प्रारंभ शुरू की गई।जैतपुरकला में खरीदी प्रारंभ किए जाने से किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है।क्षेत्रीय किसानों ने पूजन पाठ कर खरीदी प्रारंभ करवाई। मौसम को देखते हुए स्लॉट बुक करने की सलाह दी गई है। खरीदी से सम्बंधित तैयारी पूरी कर ली गई है।

## मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव आज रामपायली में करेंगे चुनावी जनसभा

रामपायली ( स्वतंत्र मत )।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार ब? चेहरों को सामने रखकर चुनावी सभा कर रही है। रविवार को लांजी में जनसभा करने के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव आज बुधवार को रामपायली में जनसभा करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम दौरा के अनुसार, मुख्यमंत्री डा. यादव बुधवार को 10.50 बजे रामपायली पहुंचेंगे। यहां लगभग आधा घंटे चुनावी सभा लेने के बाद मुख्यमंत्री डिंडौरी जिले के लिए रवाना होंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डा. यादव का बालाघाट में यह पांचवां दौरा है।



## भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी को विजय दिलाने युवा मोर्चा मंडल खैरलांजी कर रहा ऊर्जा के साथ कार्य

### खैरलांजी मंडल के दर्जनों ग्रामो में भारती पारधी के समर्थन में बैठक संपन्न

बालाघाट ( स्वतंत्र मत )

लोकसभा चुनाव की ब?ती सरगर्मियों के बीच बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के समर्थन में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल खैरलांजी द्वारा मंडल के ग्रामो में लगातार बैठके की जा रही है ,इसी क?ी में नवेगॉव, खरखड़ी, अतरी, मोहाडी,भेंडरा,घोटी सहित अन्य ग्रामो में भी युवा मोर्चा की बैठक सम्पन्न हुई ङ्घ बैठक में जिला सयोंजक मनोज बुजुरकुण्डे ,सुदीप जैन,विमल गुप्ता ,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष वारासिवनी ग्रामीण केशव बैस ,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष खैरलांजी मुकेश भगत ,चारु देशमुख ,ढालसिंह तुरकर,महेंद्र हरिनखे?,दीपक लिल्हारे,जतन खरे, सहित अन्य उपस्थित रहे ,इस दौरान सभी ने एकराय होकर भारती पारधी जी को भारी मतों से विजय दिलाने की अपील की। इस दौरान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुकेश भगत ने प्रधानमंत्री जी की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया और आगामी कार्यकाल में मोदी जी के हाथ म?बूत करने के लिए भारती पारधी जी को जिताने की अपील की।

## कलेक्टर सिंघल ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा




**सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने निर्वाचन नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंघल ने नोडल अधिकारीवार सौपें गए निर्वाचन कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिये।कलेक्टर श्री सिंघल ने मतदान दलों, सेक्टर अधिकारियों, माइक्रो ऑब्जर्वर के अंतिम चरण के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश प्रशिक्षण प्रभारी को दिये। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए सामग्री वितरण स्थल पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में सभी व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान दलों को उनके मतदान केंद्र तक सकुशल एवं सुविधाजनक रूप से पहुचानें के लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था एवं केन्द्रवार रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने प्रत्येक वाहन मं जीपीस ट्रेकिंग व्यवस्था रखने तथा रुट प्रभारी की नियुक्ति करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंघल ने सामग्री वितरण स्थल पर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, मेडिकल जांच व्यवस्था तथा विधानसभावार सामग्री वितरण एवं वापसी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल में डाक मतपत्र की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंघल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मतदान दलों तथा अन्य निर्वाचन कर्मियों के लिए आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था के लिए जोनल अधिकारी के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक दल को मेडिकल किट भी उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार शिकायत सेल, सी-विजिल पोर्टल तथा कंट्रोल रूम से प्राप्त सभी शिकायतों का सर्व प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देशित किया।

## लखनवाड़ा पुलिस ने 4 नाबालिग बच्चों को तलाश कर परिजनों के सुपूर्द किया



**सिवनी।** लखनवाडा थाना क्षेत्र से 14/04/24 के दोपहर 1बजे घर से बिना बताये चले जाने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर जांच तलाश में लिया गया था जो अपहृत 02 बालको की मोबाईल लोकेशन के आधार पर तलाश कर दिनांक 15/04/24 को दस्तयावी की गयी हैं।14/04/2024 को एक नाबालिग लडकी के गुम होने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द किया गया जिसकी तलाश पतासाजी कर दिनांक 15/04/2024 को दस्तयावी की गयी हैं।20/03/2024 को रात में नाबालिग लडकी के गुम होने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द किया गया जिसकी लगातार तलाश पतासाजी कर दिनांक 15/04/2024 को दस्तयावी की गयी हैं।नोट:- उक्त सभी नाबालिग बच्चो की तलाश पतासाजी हेतु टीम गठित कर अलग अलग स्थानो पर टीम भेजकर अपहृतो की तलाश पतासाजी के हरसंभव प्रयास कर बच्चो को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

सराहनीय कार्य = थाना प्रभारी सी. के. सिरामे, उनि. प्रमोद भारव्दाज, उनि. कोमल टोप्पो, सउनि. नानकराम पाल, सउनि. हरिओम भारव्दाज, का.प्र.आर.214 योगेन्द्र चौहान, प्र.आर.271 राजेश माथरे प्र.आर.380 रेवाराम रघुवंशी, प्र.आर.381 आत्माराम सिमोनिया आर.625 नीरज दुबे, आर.202 शिवदीप ठाकुर, महिला आरक्षक 529 रामवती कडपे, महिला आर.696 पायल राजपूत, म.आर.687 प्रियंका देशमुख।

# जन कल्याण की योजनाएं घर-घर तक पहुंचाएं

### नरेंद्र मोदी ने जन सेवा कर देश का बढ़ाया सम्मान : मौसम

### गांव-गांव में दिखा अभूतपूर्व उत्साह, मोदी -मोदी की गूंज



**बालाघाट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो स्वर्णिम कार्यकाल मैं हुए आमूलचूल परिवर्तन बदलते भारत, बेहतर बालाघाट और बढ़ते लालबर्रा की हूबहू तस्वीर है। आज आम जनमानस के जीवन में तरक्की उन्नति और प्रगति की राह दिखाई पड़ती है। माताएं बहने सम्मान से अपना जीवन की रही है। लाड़ली लक्ष्मी और लाडली बहना से सीधा लाभ पहुंचा है। किसानों को उनका वाजिब हक और अधिकार मिला है। किसान सम्मान निधि मिल रही है। वहीं किसानों को धान का मूल्य? 3100 रूपए हर हाल में मिलेगा, यह हमारे मुख्यमंत्री का संकल्प है। युवाओं को आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबी भारत के तहत रोजगार मिले। मजदूरों को उनके कल्याण की योजनाएं घर-घर तक पहुंची है। गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत भरपेट भोजन मिल रहा है। हर खेत पानी, हर घर जल पहुंचने में सरकार ने कोई कोर का कसर नहीं छोड़ी। जिले में मेडिकल कॉलेज, आयुर्वैदिक कॉलेज से उपचार की रहा आसान होगी। आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान नसीब हुए हैं। राष्ट्रीय, राज्य मार्ग से आवागमन सुलभ हुआ। रेल ब्रॉडगेज योजना धरातल पर आई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सड़क से गांव शहरों से जुड़े है। स्कूल कॉलेज से पढ़ाई का स्तर बढ़ा है। हमारे नेता गौरी भाऊ ने बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के विकास के जो नव आयाम गढे हैं। उसे और आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब हमारी है। आगे भारती पारधी ने कहा यह सब मुमकिन हुआ है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में। इस कुशल और साहसिक नेतृत्व के बल पर अपने देश, जिले और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए फिर एक बार मोदी सरकार के लिए आप अपना जन समर्थन दे ऐसी गूजारिश है। यह बात भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी ने कल लालबर्रा क्षेत्र में गांव-गांव सघन जन संपर्क के दौरान कहीं।

**जन आशीर्वाद मांगा**-जहां लालबर्रा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों गांव-गांव, वार्ड-वार्ड सघन जनसंपर्क, सभाएं कर जन आशीर्वाद मांगा। जिसके तहत लालबर्रा क्षेत्र के गर्रा, कोपे, पाथरी, लोहारा, टेकाडी, बडगांव, कामथी, बहियाटिकुर, बल्हारपुर, खुरपोडी, रमपुरी, घटोलगांव, नेवरगांव, पोण्डी, धारावासी, कटंगटोला, पांढरवानी- दुर्गा चौक, पांढरवानी- मरारी मोहल्ला में आम जनमानस, भाजपा जिला महामंत्री मौसम हरिनखेरे, डॉ नरेन्द्र भैरम, जिला पंचायत सभापति डुलेंद्र ठाकरे, झामसिंह नागेश्वर मंडल, अध्यक्ष कन्हैया चौहान, योगेश लिल्हारे, सरिता मात्रे, जय बोपचे, गणेश मात्रे, देवेंद्र अवधिया, वसीम खान, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति में अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। मोदी -मोदी की गूंज सुनाई दी।

**लालबर्रा क्षेत्र बड़े दिलवाला है मौसम**-यहां जिला भाजपा महामंत्री मौसम हरिनखेरे ने अपनी चिर परिचित शैली में अपना उद्बोधन देते हुए कहा, भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी आपकी अपनी बेटी है, बहु है, बहन है। आज वह अपने घर में जनसंपर्क कर रही है। हम मेहमान को अपने घर से खाली हाथ नहीं जाने देते तो अपने ही परिवार की सदस्य को कैसे खाली हाथ रखेंगे। लालबर्रा क्षेत्र बड़े दिलवाला है। हम दिल खोल कर भारती बुआ को आशीर्वाद देकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दोहराते हैं। जिस प्रधानमंत्री ने अपने आप को प्रधानमंत्री नहीं अपितु देश का प्रधान सेवक माना। नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ निश्चय, कठोर परिश्रम से जन-जन की सेवा की देश को विश्व में मान, सम्मान बढ़ाया। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास देश के हर घर में दिखाई दे रहा है। मौसम ने जन-जन से फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का अनुरोध किया।

**आज भारती पारधी मलाजखंड, बैहर, बालाघाट और सिवनी**-भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी आज मलाजखंड, बैहर, बालाघाट और सिवनी में रामनवमी के पावन अवसर पर जन-जन के कल्याण, सुख समृद्धि के लिए प्रभु श्री राम की आराधना करेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं, के साथ जगह-जगह जाकर जनता जनार्दन से लोकसभा क्षेत्र के विकास, जन कल्याण और फिर एक बार मोदी सरकार के लिए जन आशीर्वाद लेंगी।